
# विश्व हीमोफीलिया दिवस पर सीएमई का आयोजन




**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 18 अप्रैल।** विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर शासकीय मेडिकल कॉलेज, दतिया में पैथोलॉजी विभाग द्वारा माइक्रोबायोलॉजी एवं बायोकैमिस्ट्री विभाग के सहयोग से 'हीमोफीलिया अपडेट्स 2026: डायग्नोसिस टू मैनेजमेंट' विषय पर एक दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक डॉ. अरुणा कुमार (डायरेक्टर ऑफ मेडिकल एजुकेशन) तथा संरक्षक डॉ. (प्रोफेसर) दीपक सिंह मरावी (डीन एंड सीईओ, जीएमसी दतिया) रहे। सह-संरक्षक के रूप में डॉ. अर्जुन सिंह (प्रोफेसर एंड हेड, डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सलाहकार मंडल में डॉ. किरण त्रिपाठी (प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी) एवं डॉ. अभिषेक शर्मा (प्रोफेसर एंड हेड, डिपार्टमेंट ऑफ बायोकैमिस्ट्री) शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन अध्यक्ष डॉ. आनंद भदकारिया (प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी), सह-अध्यक्ष डॉ. अभिषेक मेहता (एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी), आयोजन सचिव डॉ. मीनू बाकना (एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी), वैज्ञानिक सचिव डॉ. कमल कछावा (एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ बायोकैमिस्ट्री) तथा सह-सचिवगण डॉ. निधि शर्मा (असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी), डॉ. रज्जू तिवारी (असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ बायोकैमिस्ट्री), डॉ. आभा गुप्ता (असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी), डॉ. वंदना पहाड़िया (असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी) एवं डॉ. स्वाति श्रीवास्तव (असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ बायोकैमिस्ट्री) का विशेष योगदान रहा। सीएमई में देश के विभिन्न संस्थानों से आए विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए, जिनमें प्रमुख रूप से —डॉ. वी.के. भारद्वाज (फॉर्मर प्रोफेसर एंड हेड, डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी, गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल),डॉ. दीपक सिंह मरावी (डीन एंड सीईओ, जीएमसी दतिया),डॉ. ज्योति प्रियदर्शिनी (प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी, जी.आर. मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर),डॉ. पल्लवी अग्रवाल (प्रोफेसर एंड हेड, डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी, एम.एल.बी. मेडिकल कॉलेज, झांसी),डॉ. रवि अम्बे (प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ पीडियाट्रिक्स, जी.आर. मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर),डॉ. अपराजिता तोमर (प्रोफेसर एंड हेड, डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी, एसआरवीएस मेडिकल कॉलेज, शिवपुरी),डॉ. विदुषी सचदेवा (कंसल्टेंट पैथोलॉजिस्ट, एचएसीएल),डॉ. कोमल कपूर (कंसल्टेंट पैथोलॉजिस्ट, एचएसीएल) एवंडॉ. छाया शेवड़ा (एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी, एम.एल.बी. मेडिकल कॉलेज, झांसी) शामिल रहे। कार्यक्रम में हीमोफीलिया के निदान, प्रयोगशाला जांच, जटिलताओं एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर फैकल्टी मेंबर्स, सीनियर एवं जूनियर रेजिडेंट्स, इंटर्न्स के साथ-साथ पैरामेडिकल स्टाफ एवं लैब टेक्नीशियनों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सीएमई के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र एवं वैलिडिक्टरी सेशन आयोजित किया गया। इस आयोजन के माध्यम से हीमोफीलिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा समय पर निदान एवं उचित प्रबंधन के महत्व पर विशेष बल दिया गया।



# उन्नाव चना उपार्जन केंद्र पर पहुंचे पूर्व विधायक

### किसान हितैषी है मोहन सरकार : पिरोनिया

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 18 अप्रैल।** मंडल क्षेत्र के उन्नाव चना उपार्जन केंद्र का प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम पूरोनिया ने किसानों को शरबत पिलाकर किया शुभारंभ केंद्र के संचालक पुरुषोत्तम शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया किसानों को संबोधित करते हुए श्री पूरोनिया ने कहा की मोहन सरकार में किसी भी किसान को असुविधा नहीं हो सकती बल्कि हर प्रकार की सुविधा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है हमारी सरकार ने किसानी के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन करने का काम किया है चाहे रवि की फसल हो या खरीफ की दोनों फसलों पर भावांतर एवं समर्थन मूल्य पर खरीदने का संकल्प साकार करने का काम कर रही है मंडल अध्यक्ष पं. दिनेश धरावा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव किसानी को लाभ का धंधा बनाने के निमित्त कृषि के क्षेत्र में लगातार नवाचार करके खेती को लाभ का धंधा बनाने के अपने संकल्प को लगातार आगे बढ़ाने का काम कर रहे है इस अवसर पर किसान नेता ज्ञान सिंह यादव सुल्तान सिंह परिहार उधम परिहार संजू जोशी योगेंद्र सोलंकी विशाल यादव विनोद जोशी अरविंद यादव संदेश कमरिया ढोलू गुर्जर छोटू परिहार राजा वंश का र पुष्पेंद्र ठाकुर आदि किसान साथ रहे।

# विपरीत परिस्थितियों में मुस्कुराने का नाम जीवटता है : रामनिवास



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18अप्रैल।** जीवन केवल सांस लेने का नाम नहीं है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए आगे बढ़ने का नाम 'जीवटता' है। जीवटता का अर्थ है – हार न मानना, संघर्षों से जूझना और हर असफलता को सफलता की सीढ़ी बनाना। यह एक मानसिक शक्ति है जो व्यक्ति को गिरने के बाद फिर से उठने और उड़ने का हौसला देती है। ओर प्रखर साहित्यकार, शायर एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रभात प्रणय भी ऐसे ही जीवटता वाले इंसान हैं जो मौत को आंख दिखाकर वापस आए हैं। और आने के बाद उन्होंने दो किताबें लिखी और आज उनका विमोचन किया जा रहा है। यह बात पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने मुस्लिम सामुदायिक भवन जमातखाना में गजलकार ओर वरिष्ठ पत्रकार प्रभात प्रणय द्वारा लिखित किताबें 'जिंदगी पैरोल पर' एवं 'चार में सार' का विमोचन तथा प्रभात प्रणय के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधन देते हुए कही।

समारोह में अध्यक्षता करने भोपाल से श्योपुर पहुंचे मध्यप्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा रफत वारसी ने कहा कि वह स्टूडेंट्स लाइफ़ से ही प्रभात जी से प्रेरित रहे हैं। जिस तरह उन्होंने राष्ट्रवादी विचारधारा से ओतप्रोत होकर काव्यपाठ किया, खासकर उर्दू अदब के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देने में सफल रहे वो उनकी विलक्षण प्रतिभा को दर्शाता है। पत्रकारिता के क्षेत्र में जिस तरह उन्होंने निडर और निष्पक्ष होकर काम किया उसका अनुसरण सभी पत्रकार करें। भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश नारायण गुप्ता ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर संबोधन दिए। कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश साहित्य परिषद के पदाधिकारी डॉ लोकेश तिवारी ने व आभार प्रदर्शन प्रीति भटनागर ने किया। इससे पहले स्वागत भाषणों इंसाफ कुरैशी ने दिया व प्रभात जी के जीवन वृत पर प्रकाश डॉ अशफ़ाक अर्शी द्वारा डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन ओर सरस्वती वंदना के साथ हुई।

### वरिष्ठ पत्रकार प्रभात प्रणय के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित

### विभिन्न संगठनों ने किया सम्मान

इस दौरान विभिन्न सामाजिक साहित्यिक संस्थाओं ने भी प्रभात प्रणय का सम्मान किया। इस क्रम में मुस्लिम समाज की ओर से शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने, वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना की ओर से कमेटी के सदर इंसाफ कुरैशी ने, श्रमजीवी पत्रकार संघ की ओर से जिलाध्यक्ष दीपक दंडोतिया ओर उनकी टीम ने, प्रेस क्लब श्योपुर की ओर से जिलाध्यक्ष अखिल भदौरिया, प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ की ओर से भारत भूषण ने, साहित्य परिषद उर्दू की ओर से वरिष्ठ शायर डॉ अशफ़ाक अर्शी ने प्रभातजी का माला पहनाकर शोल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली खिलाड़ी बेटियो का हुआ सम्मान

## नारी शक्ति ने हर क्षेत्र में अपनी उपयोगिता सिद्ध की – संध्या त्रिपाठी



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 18 अप्रैल।** महिला बाल विकास अधिकारी अरविंद उपाध्याय के दिशा निर्देशन में एवं जिला खेल अधिकारी अरविंद सिंह राणा के मार्गदर्शन में जिले में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने एवं महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्र 2 पीतांबरा पीठ दतिया पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में खेल एवं समाज सेवा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती संध्या त्रिपाठी जी उपस्थित रही कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती आकांक्षा रावत ने की जबकि विशेष अतिथि श्रीमती मीना श्रीवास्तव उपाध्यक्ष बेटी क्लब दतिया ने चयनित नारी शक्ति को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने सभी सम्मानित बेटियो और महिलाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं और अपने परिश्रम, समर्पण एवं प्रतिभा से समाज और प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर रही हैं। मुख्य अतिथि संध्या त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि 'नारी सशक्तिकरण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास का आधार है। जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी समाज और राष्ट्र सशक्त होगा।'

उन्होंने यह भी कहा कि आज की महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, सामाजिक कार्य, खेलों एवं अन्य अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही आकांक्षा रावत ने कहा कि प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन अभियान 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों, जागरूकता गतिविधियों एवं सम्मान समारोह का आयोजनों के मध्यम से बेटियो और महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनें और समाज के विकास में अपनी भूमिका और अधिक सशक्त रूप से निभा सकें,कार्यक्रम के दौरान नैंसी सोनी बेस्टजोन हाकी अंकिता यादव हॉकी और खो-खो बेस्ट जोन प्रतियोगिता माला राय वॉलीबॉल भक्ति पाठक हर्षिता शर्मा महिमा कराते नेशनल खिलाड़ी तमन्ना यादव कबड्डी प्रिंसी पटवा पिट्ठू खेलो एमपी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भागीदारी एवं समाज सेवा के क्षेत्र में संध्या त्रिपाठी मीना श्रीवास्तव और शिक्षा के क्षेत्र में आकांक्षा रावत और राखी अडजरिया को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का सफल संचालक खेल विभाग के युवा समन्वयक संजय रावत ने किया आभार व्यक्त महिला बाल विकास विभाग के लेखाकार हेमंत नामदेव ने व्यक्त किया इस अवसर पर पूर्व परियोजना अधिकारी अशोक श्रीवास्तव प्रीतम यादव भारती गुप्ता दीपा पांडे प्रियंका चौधरी राजेंद्र तोमर अर्चना शुक्ला नीतू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# ट्रैफिक पुलिस की सड़क सुरक्षा के प्रति बड़ी कार्रवाई

### 50 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए रेडियम, 12 वाहनों से उतरवाए साउंड बॉक्स




**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 18अप्रैल।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर अग्रवाल द्वारा जिले भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए, पुलिस टीम ने आज जिले के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

**दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 'रेडियम' कवच :**अक्सर देखा जाता है कि रात के अंधेरे में सड़क किनारे खड़े या चलते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली पीछे से आने वाले वाहनों को दिखाई नहीं देते, जिससे भीषण हादसे होते हैं। इसी खतरे को कम करने के लिए पुलिस द्वारा 50 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। यह रेडियम दूर से ही चमकता है, जिससे पीछे से आने वाले वाहन चालक सतर्क हो सकें।

**ध्वनि प्रदूषण और ध्यान भटकाने वाले साउंड बॉक्स पर कार्रवाई:**सड़क पर तेज आवाज में संगीत बजाना न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाता है, बल्कि चालक का ध्यान भी भटकाता है, जो दुर्घटना का एक मुख्य कारण है। कार्रवाई के दौरान 12 ट्रैक्टरों से अवैध रूप से लगे भारी-भरकम साउंड बॉक्स उतरवाए गए और वाहन स्वामियों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में इनका उपयोग न करें।

**संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम:**
सड़क सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए जिले के चिन्हित संवेदनशील स्थानों और ब्लैक स्पॉट्स पर नए स्टॉपर्स लगाए गए हैं। इन स्टॉपर्स पर भी रेडियम टेप चस्पा किया गया है ताकि रात्रि के समय मोड़ या खतरनाक रास्तों पर वाहन चालकों को स्पष्ट दृश्यता मिल सके। पुलिस प्रशासन आम जन से अपील करता है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए करें, इसमें सवारियां न बैठाएं। साथ ही, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



# दीपों से जगमगाएगा श्री पीताम्बरा पीठ

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 18 अप्रैल।** अक्षय तृतीया पर 31 हजार दीपों की रोशनी से जगमगाएगा श्री पीताम्बरा पीठ का हरिद्रा सरोवर। सोमवार को शाम 7 बजे 31 हजार दीपों से जगमग होगा हरिद्रा सरोवर। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी मिलेगा एक दीप माई के नाम प्रज्जवलित करने का अवसर। पिछले 5 वर्षो से चली आ रही एक दीप माई के नाम प्रज्जवलित करने की परम्परा। आयोजक डॉ राजू त्यागी ने माताओं, बहनों और भक्तों से शाम 7 बजे की एक दीप माई के नाम प्रज्जवलित करने की अपील। 2 कुंटल तेल, 31 हजार बातियां और 10 किलों शुद्ध धी से जगमग होगा हरिद्रा सरोवर।

# आज कार्यकर्ताओं से मिलेंगे सुकर्ण मिश्रा



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 18 अप्रैल।** भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा कल रविवार को सुबह 9.:30 बजे माई कृपा दतिया निवास पर पहुंचेंगे जहां पर उपस्थित कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात ग्राम उदगवा में भगवान परशुराम जी के मंदिर निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे इसके पश्चात भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा जी शाम को दतिया विधानसभा क्षेत्र में आयोजित शादी विवाह के कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

### सिंगरौली बैंक डकैती के बाद पुलिस अलर्ट

**दतिया।** सिंगरौली बैंक डकैती के बाद दतिया पुलिस अलर्ट है। बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था देखी, संदिग्धों की ली तलाशी। सिविल लाइन पुलिस ने थाना क्षेत्र की बैंक शाखाओं में पहुंचकर देखी सुरक्षा व्यवस्था। थाना प्रभारी वैभव गुप्ता ने बैंक प्रबंधन को सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे चालू रखने की दी हिदायत।सुरक्षा गार्डो को भी संदिग्ध व्यतियों की तलाशी के बाद बैंक में प्रवेश देने के निर्देश। एसएसपी सूरज कुमार वर्मा के निर्देश पर दतिया जिले में अलर्ट मोड़ पर नजर आई दतिया पुलिस। दतिया सहित जिले भर के बैंक शाखाओं में पुलिस ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा।

# शिक्षा भारती स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

**शिवपुरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल के हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में शिक्षा भारती बाल निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है।

हाई स्कूल परीक्षा में छात्र निखिल धाकड़ ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हायर सेकेंडरी परीक्षा में विवेक जाटव ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल में कुल 166 छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 140 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 26 छात्र द्वितीय श्रेणी से पास हुए। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी में कुल 173 छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें 156 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 17 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 16 वार्ड क्रं. 35, भवन क्रं. 404 का भाग, स्थान: 302, विहर्ष अपार्टमेंट फेस-2 बावन पायगा पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती सुनीता जैन, सुनीता जैन / श्री राजकुमार जैन, श्रीमती दिव्या जैन / श्री राजीव जैन के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1003005740 का भाग पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 843 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A1910053 दिनांक 16.07.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्रं. 16पर दिनांक 17.04.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 81/2010/38980/61169/ प्र.क्रं. *3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**दीपक कृष्णराव गलगले / स्व. श्री कृष्णराव भास्कर राव गलगले**
पता: 302, विहर्ष अपार्टमेंट फेस-2 बावन पायगा, वार्ड-35
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 18-04-2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 24, वार्ड क्रं 65,स्थान अजयपुर ग्वा0 मे स्थित है जो कि छत्रपाल सिंह/नन्दराम कुशवाह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1004571321 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/मृत्युउपरान्त दिनांक 09.01.1998 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर क्षे.क्र 24, पर दिनांक को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी/ को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**आदित्य सिंह भदौरिया,रविन्द्र सिंह भदौरिया, प्रभात सिंह,भूपेन्द्र सिंह भदौरिया/स्व. मुखत्यार सिंह भदौरिया**
पता-अजयपुर ग्वा0 (म.प्र.) मो0-7987192845
विज्ञप्ति जारी दिनांक-18.04.2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 24, वार्ड क्रं 65,स्थान वीरपुर ग्वा0 मे स्थित है जो कि भीकम सिंह/सोहावत सिंह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000218115 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी14260202३ए12055254 दिनांक 13.12.2023 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर क्षे.क्र 24, पर दिनांक 18.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी/ को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**डॉली बाथम/ओमप्रकाश बाथम**
पता-वीरपुर ग्वा0 (म.प्र.) मो0-9893935067
विज्ञप्ति जारी दिनांक-18.04.2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 03, वार्ड क्रं 07,स्थान अर्नव ग्रीन सिटी,जगनापुरा ग्वा0 मे स्थित है जो कि अवन्तिका ग्रह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित ग्वालियर द्वारा अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000222759 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1194 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी14260202४ए11039294 दिनांक 16.08.2024 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा क्षे.क्र 03, पर दिनांक 10.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 75/2011/55210/55131 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी/ को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**बच्चन सिंह यादव/स्व. गिरवर सिंह**
पता-अर्नव ग्रीन सिटी ग्वा0 (म.प्र.)
मो0-9425755429
विज्ञप्ति जारी दिनांक-18.04.2026

**न्यायालय - प्रधान न्यायाधीश के अतिरिक्त न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय ग्वालियर (म.प्र.)**
**प्रकरण क्रमांक: 627/2021 एम.जे.सी.आर.**
**श्रीमती मंजू शर्मा...... आवेदिका**
बनाम
**मनोज शर्मा ............ अनावेदक**
**// सूचना-पत्र //**
बनाम:- अनावेदक मनोज शर्मा पुत्र श्री ब्रह्मनारायण शर्मा आयु-41वर्ष, निवासी- बी/58, प्रगति बिहार कॉलोनी, गोले का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.)
**// सूचना-पत्र //**

यहकि, आवेदिका **श्रीमती मंजू शर्मा पत्नि श्री मनोज शर्मा पुत्री श्री उमाशंकर शर्मा आयु-39 वर्ष, निवासी-बी/58 प्रगति बिहार कॉलोनी, गोले का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) हाल निवासी - आदर्श कॉलोनी, अंबिका स्कूल के पास, पिंटो पार्क, ग्वालियर (म.प्र.) के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष याचिका अंतर्गत धारा 125 दं. प्र.सं. के तहत् प्रस्तुत की गई हैं।** अतः जरिये सूचना-पत्र से आप अनावेदक **मनोज शर्मा** को सूचित किया जाता है कि इस सम्बन्ध में अपना जबाव इस न्यायालय से नियत पेशी दिनांक 18.05. 2026 को प्रातः 11:00 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदि नियत दिनांक को न्यायालय अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी। अतः दिनांक **17 अप्रैल 2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**(श्री ए.के. मिश्रा)**
**प्रधान के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर (म.प्र.)**

**आम सूचना संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण कमलेश कुमार त्रिवेदी पुत्र स्व. श्री विशंभर दयाल त्रिवेदी एवं श्रीमती चंद्रकला त्रिवेदी पत्नी श्री कमलेश कुमार त्रिवेदी निवासीगण लखेरा गली बाबा कपूर ग्वालियर में निवास करते है। मेरे पक्षकार का छोटा पुत्र अमित त्रिवेदी ने मेरे पक्षकारगण की इजाजत के बिना प्रेम विवाह किया था और अमित त्रिवेदी एवं उसकी पत्नी श्रीमती रानी विगत 9 वर्षो से भोपाल म.प्र. में मेरे पक्षकारगण से पृथक निवास कर रहे है और अमित त्रिवेदी एवं उसकी पत्नी श्रीमती रानी मेरे पक्षकारगण से कोई मतलब नही रखते है और मेरे पक्षकारगण का पुत्र अमित त्रिवेदी एवं उसकी पत्नी श्रीमती रानी आये दिन मेरे पक्षकारगण को गाली गलोच देकर प्रताड़ित करते रहते है और मेरे पक्षकारगण का पुत्र अमित त्रिवेदी एवं उसकी पत्नी श्रीमती रानी आये दिन मेरे पक्षकारगण को झूठे केस में फसाने की धमकी देते रहते है और उनका आचरण मेरे पक्षकारगण के प्रति ठीक नही है और अब मेरे पक्षकारगण भी अपने पुत्र अमित त्रिवेदी एवं उसकी पत्नी श्रीमती रानी से भविष्य में किसी भी प्रकार का कोई संबंध रखना नही चाहते है, इस कारण इस सूचना द्वारा लिखित रूप में प्रकाशन कराकर हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण अपने छोटे पुत्र अमित त्रिवेदी एवं उसकी पत्नी श्रीमती रानी से समस्त संबंध विच्छेद करते है एवं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है तथा कोई भी व्यक्ति या बैंक या संस्था मेरे पक्षकारगण के पुत्र अमित त्रिवेदी एवं उसकी पत्नी श्रीमती रानी से किसी प्रकार का कोई संव्यवहार या लेन देन करते हैं या इससे पूर्व किया हो या मेरे पक्षकार का पुत्र अमित त्रिवेदी एवं उसकी पत्नी श्रीमती रानी अन्य कोई गलत कृत्य करते हैं तो उसके लिये मेरे पक्षकारगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा जिससे उत्पन्न परिणामों के लिये वे स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा अब मेरे पक्षकारगण एवं उसका संपूर्ण परिवार अमित त्रिवेदी एवं उसकी पत्नी श्रीमती रानी से समस्त संबंध विच्छेद करते हैं।

भवदीय: **एच.ओ. अग्रवाल (LL.B.)**
**लवीराज अग्रवाल (LL.M.)** एडवोकेट्स
हरि कुटिया, लोहामण्डी, ग्वालियर, मो. 9893304349, 9926663402

**आम सूचना**

श्री विशाल बाथम पुत्र श्री पूरन सिंह बाथम के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति म्युनिसिपल भवन क्र. 2630, स्थित नदी पार टाल, ग्राम मुरार, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र. 23 में स्थित है जिसका सम्पत्ति क्र.1000261150 है एवं जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-सम्पत्ति श्री गरम सिंह, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-सम्पत्ति श्री विशम्भर एवं दक्षिण में श्री दौजीराम है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती विद्दन बाई पत्नी श्री गुजराज सिंह कुशवाह एवं श्री राधेश्याम पुत्र श्री सोहालाल मिश्रा के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती विद्दन बाई जये मुख्त्यारआम श्री जुगराज सिंह पुत्र श्री महेलाश सिंह ठाकुर, श्री राधेश्याम द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री पूरन पुत्र श्री जगन्नाथ को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.4224 दिनांक 24.09.1981 से विक्रय की गई। श्री पूरन का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री विशाल बाथम पुत्र श्री पूरन सिंह बाथम उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं नगर निगम ग्वालियर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री विशाल बाथम द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री पूरन के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 5 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास,सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),मो.नं.98276-72710**